# राजस्थान समसामयिकी फरवरी, 2024


संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी फरवरी, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 4 February, 2024

■ **राजेन्द्र प्रसाद राज्य के नए महाधिवक्ता बने–**

3 फरवरी, 2024 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद की महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति के राज्य सरकार के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। वे वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बैंच में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

## Newspaper of 5 February, 2024

■ **रणथम्भौर अभयारण्य की बाघिन टी-60 की मृत्यु हुई–**

4 फरवरी, 2024 को रणथम्भौर अभयारण्य में गर्भवती बाघिन टी-60 (जूनियर इन्दू) की मृत्यु हो गयी। इसकी मृत्यु भ्रूण के गर्भनाल में फँसने के कारण हुई।

## Newspaper of 6 February, 2024

■ **राजस्थान में औद्योगिक क्षेत्रों का नया नामकरण किया गया; अब श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र कहलाएंगे–**

12 फरवरी, 2024 को रीको द्वारा रीको के 6 औद्योगिक क्षेत्रों कुंजबिहारीपुरा (दूदू), सत्तासर (बीकानेर), बलारिया (सवाईमाधोपुर), जटलाप-गोठडा (सवाईमाधोपुर) राजास (डीडवाना-कुचामन) एवं रामसर (बाड़मेर) का नाम परिवर्तित कर श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र कर दिया गया।

## Newspaper of 7 February, 2024

■ **राज्यपाल कलराज मिश्र ने मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई–**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्रीवास्तव ने हिंदी में शपथ ली। वे राजस्थान उच्च न्यायालय के 42वें मुख्य न्यायाधीश हैं।

## Newspaper of 8 February, 2024

■ **देश की पहली लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाली न्यूक्लियर पावर गैलरी जयपुर में बनेगी–**

हाल ही में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार और नेहरू विज्ञान केन्द्र के बीच एक एमओयू हुआ, जिसके तहत देश की पहली लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाली न्यूक्लियर पावर गैलरी जयपुर में बनेगी। 7 करोड़ रुपए के बजट से तैयार हो रही 'हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर गैलरी' में 42 मॉडल्स स्थापित किए जाएंगे, जिनकी मदद से न्यूक्लियर पावर के प्रति लोगों के नजरिए को बेहतर किया जाएगा। इसका काम 18 माह में पूरा होगा।

- ♦ न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआईएल) की ओर से 4 करोड़ रुपए के 42 वर्किंग मॉडल गैलरी में लगाए जाएंगे। इसमें विशेष तौर पर इंट्रोडक्शन, बेसिक न्यूक्लियर साइंस, फ्यूल, पावर प्लांट, वेस्ट मैनेजमेंट एंड सेफ्टी, रेडियेशन, न्यूक्लियर पावर एंड एन्वायरमेंट, प्रजेंट एंड फ्यूचर सिनेरियो आदि के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। इनके बारे में हिंदी और अंग्रेजी में जानकारी दी जाएगी और गाइड भी मौजूद रहेगा। यह गैलेरी नेहरू विज्ञान केन्द्र मुंबई की ओर से तैयार होगी।
- ♦ जयपुर की यह गैलरी मुंबई, दिल्ली और चेन्नई के बाद चौथी गैलरी होगी। तीनों गैलरी 2012 से 2015 के बीच तैयार की गई थीं, जिन्हें अब अपडेट किया जा रहा है। मुंबई स्थित नेहरू साइंस सेंटर के डायरेक्टर उमेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि 15 साल बाद गैलरी को एआई के साथ अपडेट किया जा रहा है, जिसमें लोगों का ज्यादा इन्वॉल्वमेंट दिख सकेगा। पुरानी गैलरी में इंफॉर्मेशन कंटेंट ज्यादा था। निश्चित तौर पर जयपुर की गैलरी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से लैस होगी। इसे देश की नंबर वन गैलरी कह सकेंगे।

**इस तरह विशेष रहेगी गैलरी–**

- ♦ 600 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्मित हॉल को मूर्त रूप देने पर बिल्डिंग सहित लगभग 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- ♦ इस गैलरी का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के बारे में तथ्यों को एक साथ जोड़ना और आसान एवं मनोरंजक तरीके से विजिटर्स को उनकी जानकारी देना है।
- ♦ गैलरी में विजिटर्स के लिए ऑडियो-विजुअल और इंटरेक्टिव फीचर होंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**Newspaper of 9 February, 2024**

## ■ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में लेखानुदान (अंतरिम बजट) पेश किया–

8 फरवरी, 2024 को राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 31 जुलाई, 2024 तक के लिए विधानसभा में लेखानुदान (अंरिम बजट) पेश किया। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान एवं वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक वित्तीय अनुमान प्रस्तुत किए। अंतरिम बजट का आकार लगभग 10 हजार करोड़ रुपए बढ़ाकर 4,86,605 करोड़ कर दिया है। वर्ष 2024-25 के **लेखानुदान (अंतरिम बजट) की प्रमुख बातें/घोषणाएँ–**

- जनता को दिये आश्वासन और माननीय प्रधानमंत्री जी की गारंटियों को लागू करने की दिशा में त्वरित गति से कार्य।
- समस्त गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपये में LPG Cylinder, 73 लाख परिवारों को राहत दी गई।
- श्री अन्नपूर्णा रसोई में दिये जा रहे 450 ग्राम भोजन की मात्रा को बढ़ाकर 600 ग्राम, प्रति थाली सहायता 17 रुपये बढ़ाकर 22 रुपये की गई जिस पर लगभग 350 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय होंगे।
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत देय वित्तीय सहायता को प्रति परिवार 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये वार्षिक, एक हजार 400 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय का प्रावधान, रबी, 2023-24 में गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 125 रुपये प्रति क्विंटल Bonus, 250 करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- पेपरलीक प्रकरणों की जाँच के लिए Special Investigation Team (SIT) का गठन होगा।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन में देय एक हजार रुपये मासिक पेंशन को बढ़ाकर एक हजार 150 रुपये, एक हजार 800 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया।
- मीसा/डीआईआर (DIR) आदि बंदियों हेतु पुन: लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन योजना, 20 हजार रुपये पेंशन एवं 4 हजार रुपये चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवायी जाएगी।
- राज्य पर कुल ऋण भार लगभग दुगना होकर वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के अनुसार 5 लाख 79 हजार 781 करोड़ रुपये हो गया।
- वर्ष 2023-24 के अन्त में राज्य में प्रति व्यक्ति ऋण वर्ष 2017-18 के 36 हजार 880 रुपये से बढ़कर 70 हजार 800 रुपये हो गया।
- 2 लाख 24 हजार 392 करोड़ रुपये के ऋण में से मात्र 93 हजार 577 करोड़ रुपये का पूँजीगत व्यय किया।
- वंचित क्षेत्रों में महाविद्यालय, विद्यालय, चिकित्सालय, प्रशासनिक कार्यालय आदि की स्थापना/क्रमोन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान।
- सड़कों के उन्नयन एवं निर्माण में भेदभाव का निदान करने के लिए State Road Fund में एक हजार 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान।
- प्रसारण निगम में 'Invit/Tot', बिजली कम्पनियों/निगमों के लिए 'Business Plan' तथा Resource Adequacy plan.
- 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के लिए Project Monitoring Unit का गठन, 5 लाख से अधिक घरों पर Solar Plants का लक्ष्य, प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली नि:शुल्क।
- Inter-state के साथ-साथ जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा जैसे शहरों के लिए 500 Electric Buses।
- Jaipur Metro का विस्तार टोंक रोड के साथ सीतापुरा, अम्बाबाड़ी से होते हुए विद्याधर नगर तक के लिए DPR बनेगी।
- जल जीवन मिशन में 25 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, लगभग 15 हजार करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- ERCP परियोजना River Linking Projects में सम्मिलित, राज्य एवं केन्द्र सरकार के मध्य MoU Sign, परियोजना का और वृहद् रूप 37 हजार 250 करोड़ रुपये को बढ़ाकर लगभग 45 हजार करोड़ रुपये किया।
- **मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0**–लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये की राशि से आगामी चार वर्षों में 20 हजार गांवों में 5 लाख Water Harvesting Strucutures, आगामी वर्ष में 5 हजार से अधिक गांवों में 3 हजार 500 करोड़ रुपये की राशि से 1 लाख 10 हजार कार्य होंगे।
- **वन संरक्षण एवं वन्यजीवों का विकास**–Tree Outside Forest in Rajasthan कार्यक्रम के तहत 4 करोड़ पौधों का वितरण; Rajasthan Forestry and Bio Diversity Development Project में 300 करोड़ रुपये के कार्य; अरावली हिल्स एवं आसपास के 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण; Black Bucks (कृष्ण मृगों) हेतु जसवंतगढ़-नागौर में Habitat (आवास) Development कार्य होंगे।
- **Rajasthan Agriculture Infra Mission**–2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान, 20 हजार Farm Ponds, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन, 50 हजार किसानों के लिए तारबंदी, 5 हजार कृषकों हेतु

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

Vermi Compost इकाइयाँ एवं नये Agro Processing Clusters, Food Parks तथा Horticulture Hub बनेंगे।

- 500 Custom Hiring Centres बनेंगे।
- 12 लाख किसानों को मक्का, 8 लाख किसानों को बाजरा, 7 लाख किसानों को सरसों, 4 लाख किसानों को मूँग एवं 1-1 लाख किसानों को ज्वार व मोठ के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- **'Gopal Credit Card' योजना**–एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त Short Term ऋण, प्रथम चरण में लगभग 5 लाख गोपालक परिवारों को ऋण, 150 करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- **युवा एवं रोजगार**–70 हजार पदों पर भर्तियाँ, संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केन्द्र, प्रत्येक संभाग में रोजगार मेले, Campus Placement, Skill Development, Training Programmes का आयोजन होगा।
- **समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन**–राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड आदि का वार्षिक भर्ती परीक्षा Calendar जारी किया जाएगा।
- **मुख्यमंत्री पर्यटन कौशल विकास कार्यक्रम**–2 वर्षों में 20 हजार युवाओं एवं लोक कलाकारों को Guide/ Hospitality/ पारम्परिक कला संबंधी प्रशिक्षण मिलेगा।
- अल्प आय वर्ग, लघु/सीमान्त/बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के परिवार के छात्र-छात्राओं को KG से PG तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करवायी जाएगी।
- शिक्षण संस्थाओं के भवनों की मरम्मत, कक्षा-कक्षों एवं बालिका Toilets के निर्माण तथा Hostels एवं Residential Schools में सुविधाओं के उन्नयन, मरम्मत व संरक्षण कार्य, 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों तथा कक्षा नौ से बारहवीं की छात्राओं को स्कूल बैग, किताबें तथा यूनिफॉर्म के लिए प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपये की सहायता, लगभग 70 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।
- जयपुर, बीकानेर, भरतपुर एवं उदयपुर में Atal Innovation Studio and Accelerators पर एक हजार करोड़ रुपये व्यय होंगे।
- जयपुर के निकट High Tech City, World Class City के अनुरूप समस्त सुविधाएँ मिलेंगी।
- 'Mission Olympics-2028'-50 प्रतिभाशाली युवाओं को विश्वस्तरीय खेल सुविधा, जयपुर में Centre of Excellence for Sports, 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में 25-25 करोड़ रुपये की राशि से 'Residental Girls Sports Institutes' बनेंगे।
- **'लाडो प्रोत्साहन योजना'**–गरीब परिवारों को बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का Saving Bond दिया जाएगा।
- **'लखपति दीदी योजना'**–महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण, 5 लाख परिवारों की आय एक लाख रुपये वार्षिक तक ले जाने का कार्य किया जाएगा।
- **'प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना'**–राशि 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये, 90 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- **ब्लॉक स्तर पर आदर्श आंगनबाड़ी**–स्वास्थ्य जाँच, पोषण तथा Pre-School Education की दृष्टि से उत्कृष्ट बनाना, 20 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- **प्रदेश की स्वास्थ्य बीमा योजना**–मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में IPD के साथ-साथ 'Day Care' Package उपलब्ध होंगे।
- Highways पर दुर्घटनाओं में मानव जीवन बचाव हेतु 25 Advanced Life Support Ambulances उपलब्ध करवायी जाएंगी।
- **अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस** 21 जून, 2024 के अवसर पर ब्लॉक स्तर तक वृहद् आयोजन, आयुष कार्यक्रम संचालन, 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- श्रमिकों एवं Street Vendors के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, मासिक Premium देने पर 60 वर्ष की आयु के बाद 2 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, 350 करोड़ रुपये का प्रावधान होगा।
- वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज बसों के किराये में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी।
- पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्थानीय नगरीय निकायों का सशक्तीकरण, निर्धारित SFC Grant को 6.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत, 316 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ लगभग 8 हजार 864 करोड़ रुपये अनुदान दिया जाएगा।
- राजस्थान 'अनुग्रह' सेवा प्रदायगी अधिनियम-असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों का SMART System के माध्यम से स्वत: चिह्नीकरण, स्वीकृति व Benefit transfer, Online प्रक्रिया, 150 करोड़ रुपये से IT आधारभूत संरचना का निर्माण होगा।
- कार्मिक एवं पेंशनर्स कल्याण-पदोन्नति के लिए DPC हेतु 2 वर्ष की छूट, Mobile App पर वेतन तथा

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जीपीएफ विवरण, Retirement Day पर ही पेंशन परिलाभों एवं पारिवारिक पेंशन की स्वीकृतियाँ Online जारी, पेंशनर्स को घर से ही Digital life Certificate की सुविधा मिलेगी।

- RGHS के अन्तर्गत कार्मिकों एवं पेंशनर्स को दवाइयों की Door Step Delivery सुविधा मिलेगी।
- समस्त मानदेय कर्मियों तथा नगरीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि होगी।
- पुलिस आधुनिकीकरण एवं आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड़ रुपये का 'Police Modernisation and Infrastructure Fund', नवसृजित 34 पुलिस थानों में Cyber Helpdesk स्थापित होंगी।
- प्रत्येक जिले में Anti Romeo Squad का गठन, 174 पुलिस थानों में Women Helpdesks स्थापित होंगी।
- 'लाडली सुरक्षा योजना'–सार्वजनिक स्थलों, बालिका छात्रावासों एवं नारी निकेतनों में CCTV कैमरे लगेंगे।
- Self-Defence की उच्चतम श्रेणी–Black Belt को Sport Quota में सम्मिलित किया जाएगा।
- मीसा/डीआईआर (DIR) आदि बंदियों की निर्बाध पेंशन के लिए 'राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि अधिनियम' लागू होगा।
- गोविन्ददेव जी–जयपुर, मानगढ़ धाम–बाँसवाड़ा, पूँछरी का लोठा–डीग, त्रिनेत्र गणेश जी (रणथम्भौर)–सवाई माधोपुर सहित 20 मन्दिरों/आस्था केन्द्रों के विकास कार्य, 300 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जाएगी।
- अल्बर्ट हॉल–जयपुर, राजकीय Museum-अलवर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर एवं जोधपुर सहित 10 प्रमुख Museums का उन्नयन, State Archives–बीकानेर में Public Gallery, लागत 50 करोड़ रुपये से विकास कार्य होंगे।
- चावण्ड–हल्दीघाटी–गोगुन्दा–कुम्भलगढ़–दिवेर–उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप Tourist Circuit, 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया।
- Armed Forces Museum की स्थापना के लिए DPR बनेगी।
- खेजड़ली–जोधपुर में अमृतादेवी बिश्नोई Indigenous Plant Museum स्थापित होगा।

**Amnesty Schemes**–उद्यमिता, निवेश एवं विकास को प्रोत्साहित करने के लिए Amnesty योजनाएँ, 31 जुलाई, 2024 तक प्रभावी–

- **VAT Amnesty—**अन्तर्राज्यीय बिक्री के प्रकरणों, लम्बित/विवादित प्रकरणों तथा केवल ब्याज की माँग वाले प्रकरणों में बकाया राशि का 10 से 20 प्रतिशत जमा करवाने पर शेष राशि माफ होगी।
- **Stamp Duty Amnesty—**स्टाम्प ड्यूटी की माँग के प्रकरणों में ब्याज एवं Penalty की शत-प्रतिशत छूट मिलेगी।
- **Transport Amnesty—**वाहन स्वामियों को राहत प्रदान करने हेतु Amnesty योजनाएँ–
  - नष्ट हो चुके वाहनों पर नष्ट होने की दिनांक के बाद के समस्त कर एवं उस कर पर देय Penalty/ब्याज की छूट मिलेगी।
  - नष्ट हो चुके वाहनों के अतिरिक्त अन्य वाहनों पर 31 मार्च, 2023 तक के बकाया कर जमा कराने पर देय Penalty/ब्याज की छूट मिलेगी।
  - **e-Rawanna Amnesty**–खान विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर दर्ज Overloading (अतिभारण) के प्रकरणों में Compounding (प्रशमन) राशि में 96 प्रतिशत तक छूट मिलेगी।
  - **End of Life Vehicles Amnesty**–पंजीकृत वाहन Scrapping सुविधा केन्द्र पर एक वर्ष तक scrap कराये जाने वाले Endo of Life Vehicles का scrap किये जाने तक बकाया कर को एकमुश्त जमा करने पर देय penalty/ब्याज में छूट मिलेगी।
- **Energy Amnesty**–31 मार्च, 2023 से पूर्व कटे हुए कनेक्शन वाले कृषि विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा मूल बकाया राशि 6 Bimonthly किश्तों में जमा कराने व कृषि श्रेणी के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं द्वारा सम्पूर्ण मूल बकाया राशि एकमुश्त जमा कराने पर उनकी समस्त ब्याज एवं Penalty राशि माफ होगी।

**'Ease of Doing Business' (EoDB) की दृष्टि से–**

- दस्तावेजों के online anywhere registration, मौका निरीक्षण हेतु online app विकसित करते हुए qualified मौका निरीक्षकों को empanel किया जाएगा।
- e-GRAS एवं RajSTAMP को बढ़ावा, refund की प्रक्रिया भी सरल व automate की जाएगी।
- आमजन, निवेशकों को पंजीयन कार्य के लिए Toll-Free Helpline, चरणबद्ध रूप से 24 × 7 आदर्श रजिस्ट्रेशन केन्द्र खुलेंगे।
- स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित विभिन्न शुल्कों की दरों के demystification की दृष्टि से चरणबद्ध रूप से revise कर rationalise किया जाएगा।
- वाणिज्यिक कर तथा आबकारी विभागों में कार्यों की चरणबद्ध रूप से faceless management की

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

व्यवस्था, Online Integrated Tax Management System, Integrated Excise Managment System तथा जन-आधार Wallet को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाया जाएगा।

- e-Driving Licence एवं e-Registration Certificate की व्यवस्था होगी।
- वाहनों के लिए anywhere fitness test की व्यवस्था की जाएगी।
- चीनी और गुड़ पर 1.6% मण्डी शुल्क समाप्त किया गया।
- लैण्ड टैक्स (Land Tax) समाप्त, पूर्व में सृजित Land Tax की demand के संबंध में Amnesty देते हुए मात्र मूल Tax की demand का 10 प्रतिशत जमा कराने पर शेष demand भी समाप्त होगी।

**वार्षिक वित्तीय अनुमान 2024-25–**

- **कुल व्यय :** 4 लाख 86 हजार 615 करोड़ 10 लाख रुपये।
- **राजस्व प्राप्तियाँ :** 2 लाख 58 हजार 378 करोड़ 29 लाख रुपये।
- **राजस्व व्यय :** 2 लाख 82 हजार 247 करोड़ 65 लाख रुपये।
- **राजस्व घाटा :** 23 हजार 869 करोड़ 36 लाख रुपये।
- **राजकोषीय घाटा :** 67 हजार 240 करोड़ 48 लाख रुपये।
- **सकल राज्य घरेलू उत्पाद से राजकोषीय घाटे का अनुपात :** 3.95 प्रतिशत।
- **Debt to GSDP ratio :** 37.48 प्रतिशत।

## Newspaper of 11 February, 2024

### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी यूआर साहू राजस्थान के डीजीपी बने–

हाल ही में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी यूआर साहू को राजस्थान का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। तत्कालीन डीजीपी उमेश मिश्रा के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने के बाद 29 दिसम्बर, 2023 से ही यूआर साहू कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### पद्मश्री पुरस्कार पाने से पहले ही ध्रुवपद (ध्रुपद) गायक पं. लक्ष्मण भट्ट का निधन–

10 फरवरी, 2024 को पद्मश्री पुरस्कार पाने से पहले ही ध्रुवपद गायक पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग (95) का निधन हो गया। केन्द्र सरकार की ओर से 25 जनवरी, 2024 को पद्श्री पुरस्कार की घोषणा की गई थी, जिसमें इनका नाम भी शामिल था। पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग का जन्म वर्ष 1928 में हुआ था। उन्होंने नई दिल्ली में 1940 में अपनी पहली प्रस्तुति दी थी।

राजस्थान की पहली ध्रुवपद गायिका उनकी बेटी प्रो. मधु भट्ट तैलंग हैं। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में वर्ष 2021 में हुए अन्तर्राष्ट्रीय ध्रुवपद मेले में उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया था।

## Newspaper of 12 February, 2024

### करौली में लौह अयस्क के भंडार मिले–

हाल ही में करौली में आयरन ओर (लौह अयस्क) के बड़े भण्डार मिले हैं। करौली के हिंडौन क्षेत्र में 1888 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत इन लौह अयस्कों के ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी। करौली के खोड़ा में 462.3 हैक्टेयर, डेडरोली में 754.38, टोडुपुरा में 260.71 व लीलोटी में 410.94 हैक्टेयर क्षेत्र में लौह अयस्क के भण्डार मिले हैं।

हिंडौन के खोड़ा, डेडरोली, टोडुपुरा और लीलोटी में आरंभिक संकेतों के अनुसार लौह अयस्क के 840 टन से अधिक भण्डार हैं।

### राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला–

मुंबई ओटीएम की ओर से राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला है। वर्ष 2022 में, राजस्थान ने घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए 7वाँ स्थान हासिल किया। वर्ष 2023 में राज्य में आने वाले आगन्तुकों की संख्या अच्छी रही। उल्लेखनीय है कि राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है।

गौरतलब है कि राजस्थान पर्यटन ने कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में राजस्थान की छवि को और निखारा जाएगा। राजस्थान में पर्यटन और संबद्ध उद्योग एवं व्यापार का राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है तथा रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने में सहायक है।

## Newspaper of 13 February, 2024

### जयपुर रिंग रोड के लिए 5000 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली–

12 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जयपुर रिंगरोड के द्वितीय चरण के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लिए 5 हजार करोड़ रुपए की मंजूरी देने की घोषणा की है। रिंग रोड परियोजना के तहत 92 किलोमीटर के 6 लेन ग्रीनफील्ड हाइवे का काम जल्द ही शुरू होगा। इसके अलावा नितिन गडकरी ने राजस्थान के विभिन्न जगहों की 2500 करोड़ रुपए से अधिक की 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया।

## Newspaper of 15 February, 2024

### ■ रेलवे बोर्ड ने पुष्कर-मेड़ता (51.34 किमी) रेल लाइन को मंजूरी दी–

13 फरवरी, 2024 को रेलवे बोर्ड ने पुष्कर-मेड़ता रेल लाइन को मंजूरी दी है। वर्तमान में अजमेर से पुष्कर तक रेल लाइन है, अब पुष्कर से मेड़ता सिटी तक 51.34 किमी. लाइन डाली जाएगी। पुष्कर से मेड़ता के बीच 6 रेलवे स्टेशन, नांद, कोड, रियांबड़ी, भैंसला कलां और कात्यासनी में बनेंगे। मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन परियोजना के काम की समयावधि 3 साल निर्धारित की गई है।

इस रेल लाइन से अजमेर से बीकानेर-जोधपुर की सीधी रेल कनेक्टीविटी हो सकेगी।

## Newspaper of 16 February, 2024

### ■ राजस्थान के सभी स्कूलों में एक साथ 'सूर्य नमस्कार' का विश्व रिकॉर्ड बना; 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई –

15 फरवरी, 2024 (सूर्य सप्तमी) को राज्य भर में विशेष आयोजन हुआ। सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में 'सूर्य नमस्कार' का सामूहिक अभ्यास किया गया। जयपुर के चौगान स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी सहित कई लोगों ने विद्यार्थियों के बीच सामूहिक रूप से 'सूर्य नमस्कार' किया।

- ♦ सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस विश्व रिकॉर्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान एडिशन द्वारा मान्यता प्रदान की गई।
- ♦ 88,974 स्कूलों के एक करोड़ 14 लाख 69 हजार 914 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। विद्यार्थियों सहित कुल एक करोड़ 33 लाख 50 हजार 889 लोग इन आयोजनों में शामिल हुए।
- ♦ प्रदेश की 66,990 सरकारी स्कूलों में 64.3 लाख तथा 21,984 गैर-सरकारी स्कूलों के 50.39 लाख विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। सूर्य सप्तमी के बाद भी विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जाएगा।

## Newspaper of 17 February, 2024

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खातीपुरा सैटेलाइट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया–

16 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खातीपुरा सैटेलाइट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने यहाँ बनने वाले कोच केयर कॉम्प्लेक्स एवं बांदीकुई-आगरा ट्रेक डबलिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया।

### ■ धानक्या ( जयपुर ) में रेलकोच में म्यूजियम बनेगा–

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली धानक्या (जयपुर) में रेल कोच में हैरिटेज म्यूजियम बनेगा। इससे लोग पं. दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी से रूबरू हो सकेंगे। यहाँ बनने वाला रेल कोच म्यूजियम राज्य का पहला रेल कोच म्यूजियम होगा।

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया–

- ♦ भगत की कोठी (जोधपुर) में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की रखरखाव सुविधा, खातीपुरा (जयपुर) में वंदे भारत, एलएचबी आदि सभी प्रकार के रेकों का रखरखाव, हनुमानगढ़ में ट्रेनों के रखरखाव के लिए कोच केयर कॉम्प्लेक्स का निर्माण और बांदीकुई से आगरा फोर्ट रेल लाइन का दोहरीकरण, बीकानेर जिले में बरसिंगसर 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना, लागत 1400 करोड़ रुपए।
- ♦ दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेज, 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास, बीकानेर (पीजी), फतेहगढ़-द्वितीय और भादला-द्वितीय में आरई परियोजनाओं को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम में सुदृढ़ीकरण, एसईजेड 8.1 गीगावाट ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण, चरण-द्वितीय भाग-बी के अंतर्गत राजस्थान (8.1 जीडब्ल्यू) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना, जोधपुर में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का निर्माण, लागत 11 हजार करोड़ रुपये।
- ♦ जोधपुर-फलौदी, जोधपुर-रायकाबाग-मेड़ता रोड़-बीकानेर सेक्शन बीकानेर-रतनगढ़ सादुलपुर-रेवाड़ी



संजीव प्रकाशन

सेक्शन बीकानेर-रतनगढ़ सादुलपुर-रेवाड़ी सेक्शन में रेलवे विद्युत सुदृढ़ीकरण, खातीपुरा रेलवे स्टेशन में टर्मिनल सुविधा और सेटेलाइट स्टेशन के रूप में विकास, बीकानेर में विकसित 300 मेगावाट की एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड नोखरा सोलर पीवी परियोजना, लागत 2700 करोड़ रुपये।

- ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना पैकेज 4 बसवा एवं सिकराय (जल-जीवन मिशन)। गरड़ा पेयजल परियोजना, जिला बूँदी। जवाई क्लस्टर प्रथम परियोजना 99 ग्राम, जिला पाली (जल जीवन मिशन)। नर्मदा नहर आधारित एफ आर क्लस्टर पेयजल परियोजना (जल जीवन मिशन)। जांबा घंटियाली बुंगड़ी पेयजल परियोजना।
- पोकरण-फलसुंड-बालोतरा सिवाना पेयजल परियोजना पैकेज-4बी (जल जीवन मिशन)। चंबल धौलपुर-भरतपुर पेयजल परियोजना पैकेज-4।
- नवलगढ़ रेलवे स्टेशन से रूपनिवास कोठी, नवलडी, करू, डुमरा, जजूसर होते हुए बिबासर रोड तक सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण।
- मेहंदवास से अमनीपुर बनास नदी पर वेंटेड कॉजवे अप्रोच निर्माण कार्य।
- आबू रोड एवं मावल स्टेशन तक आरओबी एलसी-132 का निर्माण।

**Newspaper of 18 February, 2024**

## राज्य सरकार ने राज्य के 12 शहरों के 16 मंदिरों में रोपवे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया–

हाल ही में राज्य सरकार ने राज्य के 12 शहरों के 16 मंदिरों में रोपवे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे पर्यटन बढ़ेगा तथा ये परिवहन के त्वरित और सस्ते माध्यम होंगे। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। निम्नलिखित स्थानों पर रोपवे बनेंगे–

| जगह/स्थान | | जिला |
|---|---|---|
| त्रिनेत्र गणेश जी रणथम्भौर | – | सवाई माधोपुर |
| रामेश्वर महादेव मंदिर | – | बूँदी |
| आमेर | – | नाहरगढ़, जयपुर |
| चौथ का बरवाड़ा | – | सवाई माधोपुर |
| रूठी रानी महल से हवामहल | – | राजसमंद |
| फोर्ट टू लखेला | – | राजसमंद |
| इंदरगढ़ | – | बूँदी |
| जीण माता | – | सीकर |
| गढ़ गणेश | – | जयपुर |
| भैरव मंदिर, मेहंदीपुर | – | दौसा |
| कृष्णाई माता | – | बारां |
| सवाई माता | – | बाँसवाड़ा |
| राजाजी का तालाब | – | अजमेर |
| चित्तौड़ फोर्ट | – | चित्तौड़गढ़ |

रोपवे राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर विकसित करेंगे। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दिया कुमारी के साथ बैठक में रोपवे की आवश्यकता पर जोर दिया था।

## हरियाणा और राजस्थान में जल समझौता हुआ; यमुना नदी पर बने हथिनी कुंड बैराज से राजस्थान के सीकर, चूरू, झुंझुनूँ एवं अन्य जिलों को 577 एमसीएम पानी मिलेगा–

17 फरवरी, 2024 को राजस्थान और हरियाणा में जल समझौता हुआ है। इस जल समझौते के तहत यमुना नदी पर बने हथिनी कुंड बैराज से राजस्थान के सीकर, चूरू, झुंझुनूँ एवं अन्य जिलों को 577 एमसीएम पानी मिलेगा।

## संस्कृत के विद्वान जगदगुरु रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार को वर्ष 2023 के लिए 58वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा की गई–

17 फरवरी, 2024 को वर्ष 2023 के लिए 58वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार संस्कृत के विद्वान् जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार को देने की घोषणा की गई। यह सम्मान संस्कृत को दूसरी और उर्दू को पाँचवीं बार दिया जा रहा है। वर्ष 2022 के लिए 57वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार गोवा के लेखक दामोदर मावजों को कोकंणी भाषा के लिए दिया गया है।

**श्रीरामभद्राचार्य**–श्रीरामभद्राचार्य बहुभाषाविद् रचनाकार, शिक्षाविद् व प्रवचनकार हैं। 1988 से रामानंद संप्रदाय के चार जगद्‌गुरु रामानंदाचार्यों में से एक हैं। इन्होंने 240 पुस्तकों-ग्रन्थों की रचना की है, जिनमें से 2 संस्कृत और 2 हिन्दी के महाकाव्य हैं। उन्हें वर्ष 2015 में पद्म विभूषण से अलंकृत किया गया था।

**गुलजार**–गुलजार नाम से प्रसिद्ध सम्पूर्ण सिंह कालरा प्रसिद्ध गीतकार, कवि, पटकथा लेखक, निर्देशक, नाटककार और शायर हैं। वर्ष 2009 में डैनी बॉयल निर्देशित फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर में उनके लिखे गीत 'जय हो' के लिए उन्हें ऑस्कर और ग्रैमी अवार्ड मिल चुका है। उन्हें वर्ष 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार तथा 2004 में पद्म भूषण सम्मान मिल चुका है। उन्होंने 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 20 February, 2024

- **19 फरवरी, 2024 को राजस्थान के पाली जिले के जाडन में 28 साल में बने दुनिया के पहले 'ॐ' आकार के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यह सम्पूर्ण मंदिर 'ॐ' आकृति में बना है।**

## Newspaper of 25 February, 2024

- **मुख्यमंत्री ने मोबाइल वेटेनरी इकाइयों का लोकार्पण किया–**

24 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोबाइल वेटेनरी इकाइयों (हेल्पलाइन नंबर 1962) की शुरुआत की। इनके माध्यम से पशुओं को शीघ्र चिकित्सकीय सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 21 मोबाइल वेटेनरी इकाइयों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्पूर्ण राज्य में 159 इकाइयों का लोकार्पण हुआ।

## Newspaper of 27 February, 2024

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 41 हजार करोड़ रुपए की दो हजार से अधिक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 फरवरी, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत देशभर में लगभग 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य और 1500 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशन एवं 112 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास शामिल हैं। देशभर के 2 हजार 21 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें 40 लाख से अधिक लोग जुड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें अजमेर जंक्शन, पाली–मारवाड़, सांगानेर, ब्यावर, फतेहनगर, जवाई बांध, रानी, सोमेसर, गोगामेड़ी, रायसिंह नगर, दौसा, फतेहपुर शेखावाटी, खैरथल, नीमकाथाना, राजगढ़, डीग, धौलपुर, गोविंदगढ़, खेड़ली, बूँदी तथा झालावाड़ सिटी शामिल हैं। ये रेलवे स्टेशन मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से सामाजिक–आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र बनेंगे। इनको सिटी सेन्टर के रूप में पुनर्विकसित करते हुए रूफप्लाजा शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट एवं बच्चों के खेलने के लिए क्षेत्र आदि की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त इनमें प्रवेश एवं निकास द्वार, बहु–स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। प्रदेश में 112 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया गया। इससे आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

## Newspaper of 29 February, 2024

- **उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 6204 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों के क्रमोन्नत किए जाने की स्वीकृति दी–**

28 फरवरी, 2024 को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य के 6204 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र बनाए जाने की स्वीकृति दी है। ये क्रमोन्नत आंगनबाड़ी केन्द्र 1 मार्च, 2024 से शुरू हो जाएंगे।

□□□


संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## पशु परिचर एवं LDC परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें




**10 संभागों एवं 50 जिलों पर आधारित पूर्णत: नवीनतम अंक उपलब्ध**

## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com